एन्वायरनमेंटल हैल्थ सर्विसेज़ की
बुलेटिन

fraserhealth

खाद्य प्रतिष्ठानों में चूहे

चूहे अपने मूत्र-मल या अपने शरीर की त्वचा से खाद्य पदार्थों को दूषित कर सकते हैं। जब चूहे सड़ रहे भोजन या कचरे के ऊपर से गुजरते हैं या उसे खाते है तो वे साल्मोनेला जैसे कीटाणुओं से ग्रस्त हो जाते हैं। जब चूहे रसोई में भोजन को कुतरते हुए घूमते हैं, और मल-मूत्र करते हैं, कीटाणु उनके शरीर से खाद्य पदार्थों, भोजन काउंटर, अलमारियों, बर्तनों आदि में चले जाते हैं।

यह बुलेटिन आपके खाद्य प्रतिष्ठान में चूहों और उनके नियंत्रण के बारे में सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपने प्रतिष्ठान में संक्रमण को **रोकना** महत्वपूर्ण है।

यदि चूहे का संक्रमण इतना गंभीर हो जाता है कि खाद्य पदार्थों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती है और/या बर्तनों और खाद्य सतहों को संदूषण से बचाया नहीं जा सकता, तो आपका परिसर बंद भी हो सकता है।

अपने परिसर को इन हानिकारक जीवों से रहित बनाए रखने में विफलता के परिणामस्वरूप आदेश, उल्लंघन टिकट या अन्य कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

चूहों को नियंत्रित करना

किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान में चूहों के नियंत्रण के लिए अनेक तरह की कार्रवाई एक साथ करनी पड़ती है। चूहों को नियंत्रित करने के कुछ प्रभावी उपाय नीचे सूचीबद्ध हैं:

- किसी भी ऐसे छेद या खुले स्थान को सील बंद कर दें जहां से चूहे प्रवेश कर सकते हैं। जिस जगह से वे इमारत में प्रवेश करते हैं, वहां के पाइप, वेंट और नाली की टोंटी के आसपास की जगहों को भर दें। छह मिलीमीटर (1/4 इंच) से बड़े सभी छेदों को सील बंद कर देना चाहिए।
- चूहे के मल-मूत्र से संक्रमण या संदूषण के संकेतों के लिए आने वाले सभी सामानों का निरीक्षण करें। संक्रमित या संदूषित कोई भी सामान सप्लायर को लौटा दिया जाना चाहिए।
- सभी खाद्य पदार्थों को फर्श से कम से कम 6 इंच की ऊंचाई पर रखें और फर्श को खुला रखें।
- अपने स्टॉक को नियमित रूप से एक से दूसरे स्थान पर बदलते रहें ताकि हर स्थान पर कुछ न कुछ गतिविधि चलती रहे।
- खाद्य प्रतिष्ठान के सभी स्थानों पर साफ-सफाई का उच्च स्तर बनाए रखें। प्रत्येक दिन के अंत में सभी खाद्य स्रोतों (टुकड़ों, गिरी हुई सामग्री, बची हुई खाद्य सामग्री आदि सहित) को हटा दें।
- उन्मूलन और निगरानी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक प्रमाणित पेस्ट कंट्रोल कंपनी की सेवाएं लें। इस बात को सुनिश्चित करें कि आपकी पेस्ट कंट्रोल कंपनी की सिफारिशों का पालन किया जाए।

यदि चूहों का संक्रमण इतना गंभीर हो जाता है कि खाद्य पदार्थों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती और/या बर्तनों और खाद्य सतहों को संदूषण से बचाया नहीं जा सकता, तो आपका परिसर बंद भी हो सकता है।

स्वास्थ्य सुरक्षा | *स्वस्थ लोग और स्वस्थ वातावरण को सुनिश्चित करना*

चूहों का जीवन काल

अगर छोटी समस्या का समय से समाधान नहीं किया जाए तो यह बड़ी समस्या बन सकती है। चुहिया हर साल आठ बार चूहे पैदा कर सकती है, जिसमें हर बार पांच से छह चूहे पैदा हो सकते हैं। पैदा होने के तीन महीने बाद ही चूहे प्रजनन करने में सक्षम हो जाते हैं।

चूहे कहां रहते हैं

चूहे अंधेरे, गर्म, शांत इलाकों और भोजन के पास बिल बनाते हैं। दोहरी दीवारों के खाली स्थान और काउंटरों के नीचे के बंद स्थान और भंडारण वाली जगहें चूहों की बसावट के लिए आदर्श जगहें हैं।

चूहे रात में उस समय सबसे अधिक सक्रिय होते हैं जब अंधेरा होता है और आसपास कोई नहीं होता। दिन के बीच चूहे का दिखाई देना अक्सर किसी बड़े संक्रमण का संकेत है।

चूहे तनाव भरे वातावरण में आसानी से अपने को ढाल सकते हैं। बेहद गर्म या ठंडी परिस्थितियों में ऊर्जा बचाने के लिए चूहे निष्क्रिय हो सकते हैं। इसके अलावा, चूहे बिना पानी के भी जीवित रह सकते हैं। चूहों को प्रतिदिन केवल एक या दो मिलीलीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिसे वे अनाज जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त कर सकते हैं।

संक्रमण के स्रोत

साथ लगे प्रतिष्ठानों की दीवारों और छतों के छेदों से चूहों के घुस आने पर संक्रमण हो सकता है। सामानों का आना संक्रमण का एक प्रमुख स्रोत है।

भोजन की सुरक्षा

जब भी संभव हो, सूखी खाद्य आपूर्ति को धातु, कांच, या प्लास्टिक के कंटेनरों में बंद ढक्कन के साथ कसकर स्टोर करें।

प्रत्येक दिन की शुरुआत के समय भोजन के संपर्क में आने वाली सतहों को साफ और कीटाणुरहित करें ताकि पिछली रात में किए गए चूहों के मल-मूत्र को हटाया जा सके।

मल या क्षतिग्रस्त खाद्य पदार्थों जैसे संक्रमण के संकेतों के लिए नियमित रूप से परिसर का निरीक्षण करें।

यह महत्वपूर्ण है कि शुरुआती लक्षण दिखते ही चूहों को नियंत्रित किया जाए।

चूहों की संख्या पर प्रारंभिक नियंत्रण से किसी बड़े संक्रमण की संभावना को रोका जा सकता है जो कि उनके उन्मूलन के मुकाबले कठिन और महंगा है। प्रभावी नियंत्रण और निगरानी सेवाओं के लिए किसी प्रमाणित पेस्ट कंट्रोल कंपनी का होना महत्वपूर्ण है। पेस्ट कंट्रोल सेवाओं के अलावा, आपके परिसर के अंदर अच्छी साफ-सफाई, वातावरण में सुधार और भौतिक बाधाओं के संयोजन का उपयोग करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि चूहों के संक्रमण को रोका और नियंत्रित किया जा सकेगा।

यदि जीव-जंतुओं के संक्रमण के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया अपने स्थानीय एन्वायरनमेंटल हैल्थ ऑफिसर से संपर्क करें।

आपका स्थानीय एन्वायरमेंटल हैल्थ ऑफिस आपसे सिर्फ एक फोन कॉल की दूरी पर है:

- एबॅट्सफ़ोर्ड (604) 870-7900
- अगासिज़ (604) 793-7160
- बर्नबी (604) 918-7683
- चिलीवैक (604) 702-4950
- डेल्टा (604) 507-5478
- होप (604) 867-7630
- लैंगली (604) 514-6121
- मिशन (604) 814-5515
- न्यू वेस्टमिंस्टर (604) 777-6740
- पिट मीडोज (604) 476-7000
- सरी (604) 930-5405
- ट्राई-सिटीज (604) 949-7700

अधिक जानकारी के लिए, या यदि आपका कोई प्रश्न है, तो अपने स्थानीय एन्वायरमेंटल हैल्थ सर्विसेज ऑफिस से संपर्क करें।

वेबसाइट : www.fraserhealth.ca/your_environment/